# बिहार विधान परिषद

**(200वां बजट सत्र)**

## 14 मार्च, 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 22**

----

### प्रशिक्षण पर विचार

***160 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 4 हजार पशुपालकों को डेयरी फार्मिंग हुनर सिखाने के निर्णय के तहत वर्ष 2021-2022 में विभाग द्वारा 2.72 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में राशि आवंटित होने के बावजूद एक भी पशुपालक को डेयरी फार्मिंग का हुनर नहीं सिखाया गया है, यदि हां तो दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु पशुपालकों को अभी तक प्रशिक्षण नहीं देने का क्या कारण है?

----

### निर्माण कार्य अतिशीघ्र

***161 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नवगछिया रेलवे स्टेशन के पूर्वी हिस्से में समपार फाटक पर आर. ओ. बी. का निर्माण-कार्य विगत दो वर्षों में भी पूर्ण नहीं हो सका

है जिसके कारण लंबे जाम का सामना दोनों पार के यात्रियों को करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रश्नाधीन आर. ओ. बी. का निर्माण-कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करा कर जाम से निजात दिलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पथ की मरम्मती

*162 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियां प्रखंड के जमुआ से बैरगनियां तक की लगभग दस किलोमीटर की सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सडक निर्माण

*163 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के प्रखंड काको, पंचायत-नेरथुआ (गांव-नेरथुआ मठ), पोस्ट-पिंजौरा में गांव नेरथुआ अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि गांव-नेरथुआ मठ जाने के लिए कोई भी रास्ता उपलब्ध नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि रास्ता नहीं होने के कारण उपरोक्त गांव में आकस्मिकता होने पर अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और जान-माल की क्षति उठानी पड़ती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नेरथुआ मठ जाने के लिए मई हॉल्ट से रेलवे लाइन के किनारे-किनारे नियाजीपुर हॉल्ट तक सड़क-निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बीज उपलब्ध नहीं

*164 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के किसान धान में 52% गेहूं में 56% तथा दलहन में 89% पुराने बीज बोने पर मजबूर हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में विभिन्न फसलों के लिए 15 लाख टन नए बीज की जरूरत है, परंतु उपलब्ध 5 लाख टन ही हो पाया है इसलिए किसानों को पुराने बीज बोने पड़ते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को जरूरत के हिसाब से नए बीज उपलब्ध कराने की इच्छा रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## इंदिरा आवास का निर्माण

*165 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के संपतचक प्रखंड के ग्राम कामताचक की संगीता देवी राशन कार्ड संख्या- 10230014012452400000153 छत विहीन, शौचालय विहीन गरीबी से जूझती हुई टूटी फूटी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं;

(ख) क्या यह सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, संपतचक, पटना द्वारा इन्हें इंदिरा आवास योजना के तहत शामिल नहीं किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि ग्रामीण आवास सहायक द्वारा कई बार इनकी टूटी-फूटी झोपड़ी की तस्वीर इंदिरा आवास योजना के लिए ली गयी, किन्तु लाभार्थी सूची में प्रथम पायदान पर नाम शामिल नहीं किये जाने के कारण इनके आवास का निर्माण नहीं हो सका है;

(घ) क्या यह सही है कि सरकार की योजना ऐसे गरीबों को प्राथमिकता के आधार पर आवास देना है किन्तु पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण इनकी गरीबी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राथमिकता के आधार पर इंदिरा आवास योजना के तहत आवास का निर्माण कबतक कराना चाहती है?

----

## तालाबों का जीर्णोद्धार

***166 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड संख्या- 16, ग्राम-कोहड़गढ़, पंचायत-भरहोपर, स्थित सरकारी तालाब, खाता नं.- 1010, तौजी नं.- 414, सर्वे प्लौट नं.- 2606, 1715 एवं गड़हा खाता नं.- 1010, तौजी नं.- 414, सर्वे प्लौट नं.- 4729, 4757, 5826, 5836 की सरकारी अमीन से नापी करवाकर, जल जीवन हरियाली अभियान के तहत तालाब और गड़हा के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराने के संबंध में नगर पंचायत एकमा बाजार की पार्षद सरोज देवी ने दिनांक- 07.07.2021 को जिला पदाधिकारी, सारण एवं माननीय विधान परिषद् सदस्य, श्री केदार नाथ पाण्डेय ने भी दिनांक- 05.08.2021 तथा 17.10.2021 को पत्र द्वारा अनुरोध किया है, किन्तु अबतक उपर्युक्त कार्य नहीं कराया जा सका है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित तालाब एवं गड़हा के जीर्णोद्धार एवं सौंदयीकरण का विचार रखती है?

----

## पुल का निर्माण

***167 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड स्थित खजूरी पंचायत के खैरा ग्राम तक जाने का एक मात्र रास्ता सुरक्षा बांध है जो सरमेरा(नेवां) में मिलता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त रास्ता ग्रामीणों के लिए लगभग 4 किलोमीटर दूर होने के कारण ज्यादा दूरी तय करनी पड़ती है;

(ग) क्या यह सही है कि यदि ग्राम शेखपुरा के पास पचहुआ नहर पर पुल बना दिया जाए तो खैरा, मितनचक, करदाहां गांव के लिए यह दूरी मात्र 1.5 किलोमीटर रह जाएगी;

(घ) क्या यह सही है कि पुल बनाने के पश्चात् पक्की सड़क का निर्माण भी करा दिया जाए तो ग्रामीणों को प्रखण्ड कार्यालय पहुंचना आसान हो जाएगा;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिकता के आधार पर उपर्युक्त सड़क तथा पुल का निर्माण जल्द कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सदन के माध्यम अद्यतन स्थिति

*168 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि के.सी.सी. ऋण योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों के लिए न्यूनतम ब्याज पर ऋण दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि भारत सरकार के संबंधित विभाग के दिशा-निर्देशानुसार राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति तथा राज्य सरकार के संबंधित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तर पर किसान क्रेडिट कार्ड हेतु मेगा कैम्प का आयोजन प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को किया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि कितने दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों को जिलावार अबतक किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण दिया जा सका है एवं कितने शेष हैं, सदन के माध्यम से अद्यतन स्थिति स्पष्ट कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पोखर की बंदोबस्ती

*169 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 की धारा-10(क) में प्रावधान किया गया है कि जलकर का वितरण उसी गांव के मछुआरों के साथ किया जाएगा;

(ख) क्या यह सही है कि दिग्घी पोखर, दरभंगा प्रखंड अंतर्गत अवस्थित तालाब की बंदोबस्ती तालाब के समीप बसे स्थानीय मछुआरों के साथ दरभंगा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि. के मंत्री के द्वारा नहीं की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 की धारा-10(क) का अनुपालन राज्यभर में सुनिश्चित करना

चाहती है एवं दिग्घी पोखर की बंदोबस्ती स्थानीय मछुआरों के साथ सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*170 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत पुपरी प्रखंड के गंगटी पंचायत का गांव गंगटी अधवारा नदी के कारण दो हिस्सों में बंटा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थान पर पुल न होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पुल का निर्माण करेगी?

----

## मुआवजा देने पर विचार

*171 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि प. चम्पारण जिला अन्तर्गत असामयिक वर्षा एवं ओला वृष्टि के कारण किसानों की रबी फसल का नुकसान हुआ है, परन्तु अभी तक फसल नुकसान का मुआवजा नहीं मिला;

(ख) क्या यह सही है कि असामयिक वर्षा एवं ओला से फसल नुकसान पर सरकार द्वारा मुआवजा का प्रावधान है;

(ग) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प० पम्पारण जिला अन्तर्गत असामयिक वर्षा एवं ओला वृष्टि का मुआवजा देना चाहती है, ताकि फसल नुकसान से किसानों को राहत मिल सके, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल एवं सडक का निर्माण

*172 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखण्ड-सुरसण्ड, पइनपुरा पंचायत में पठनपुरा एवं रघरपुरा ग्राम के बीच संघही नदी पर पुल एवं सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के प्रखंड सुरसण्ड, पठनपुरा पंचायत में पठनपुरा एवं रघरपुरा ग्राम की संघही नदी पर पुल एवं सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

*173 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ना तो मधुबनी प्रखंड का अबतक भवन है ना ही अंचल का भवन है;

(ख) यदि उपर्युकत खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मधुबनी प्रखंड एवं अंचल का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषियों पर कार्रवाई

*174 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बांका जिले के बाराहाट प्रखंड के ग्राम पंचायत खड़हरा के खड़हरा गांव में मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 में मरघटिया बांध की खुदाई कार्य वर्क कोड- 0545006004/WC/20220021 के द्वारा हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कार्य में मनरेगा नियमावली की धज्जियां उड़ाते हुए औसतन 25 से 30 फीट खुदाई कराई गई व निकाली गई मिट्टी को बांध के ऊपर नहीं बिछाया गया;

(ग) क्या यह सही है कि इतनी गहरी खुदाई जेसीबी मशीन से ही संभव है, जबकि

इसमें 3061 मजदूरों का कार्य दिखाकर भारी अनियमितता बरती गई;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित दोषियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आवास की स्वीकृति

***175 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के खुटौना प्रखंडान्तर्गत ग्राम-संतनगर में दिनांक- 08.05.2015 को सर्वश्री बच्चेलाल मंडल, पत्नी का नाम- श्रीमती एकावरी देवी, गौड़ीशंकर मंडल, पत्नी का नाम- श्रीमती रिंकु देवी एवं उमाशंकर मंडल, पत्नी का नाम- श्रीमती मीना देवी के आवासीय गृह भीषण अग्निकांड में जलकर भष्म हो गये थे, जिस आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खुटौना का पत्रांक- 256, दिनांक- 21.08.2015 के द्वारा संधारित अभिलेख संख्या- 02/2015-16 से संबंधित प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी, फुलपरास को समर्पित किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उपविकास आयुक्त, मधुबनी का पत्रांक- 659, दिनांक- 30.03.2018 के द्वारा जो प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुआ था, जिसमें अग्निकांड से पीड़ित तीन परिवारों का उल्लेख था;

(ग) क्या यह सही है कि इन तीनों पीड़ित परिवारों में मात्र श्री बच्चेलाल मंडल, पत्नी का नाम- श्रीमती एकावरी देवी तथा श्री गौड़ीशंकर मंडल, पत्नी का नाम- श्रीमती रिंकु देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत गृह निर्माण की स्वीकृति दी गई है, किन्तु तीसरे पीड़ित परिवार श्री उमाशंकर मंडल, पत्नी का नाम- श्रीमती मीना देवी को इससे वंचित कर दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो तीनों पीड़ितों में से मात्र दो पीड़ितों के लिए आवास निर्माण की स्वीकृति देने तथा एक पीड़ित व्यक्ति श्री उमाशंकर मंडल, पत्नी का नाम- श्रीमती मीना देवी को इससे वंचित कर देने का क्या औचित्य है और क्या सरकार अब भी श्री उमाशंकर मंडल, पत्नी का नाम श्रीमती- मीना देवी की आवास की स्वीकृति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक का चौडीकरण

***176 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला बेगूसराय के बछवाड़ा प्रखंड के राष्ट्रीय उच्च मार्ग सं०- 28 रानी पंचवटी चौक से अयोध्या टोला, अरबा होते हुए मंसूरचक समसा तक जो PWD पी.डब्लू.डी. विभाग के अंतर्गत लगभग 9 किमी. आबादी बहुल अतिव्यस्त मार्ग है, जो काफी जर्जर स्थिति में है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस सड़क का चौड़ीकरण एवं मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जल जमाव की समस्या

*177 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि एस.एच.- 52 एवं एस. एच.- 75 पर अवस्थित बेनीपट्टी प्रखंड के बसैठ में जलजमाव की समस्या बराबर बनी रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों पथ क्रमशः सीतामढ़ी से मधुबनी एवं दरभंगा जिला के मब्बी से मधुबनी जिला के साहरघाट तक जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को एन.एच. में परिवर्तित कराकर जलजमाव की समस्या से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां तो क्यों?

----

## मिट्टी की भरपाई

*178 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया-नवादा पथ NH-82 जो B.S.R.A.C. बिहार क्षेत्रान्तर्गत आता है इसमें गया-नवादा मुख्य पथ के 12वें किमी. के बजीरगंज प्रखंड के भिन्दरा ग्राम के सामने मुख्य पथ पर उत्तर की तरफ अवस्थित 'पाले पईन' होने के कारण पानी के बहाव के चलते उत्तर तरफ के फ्लैंक की मिट्टी कटती जा रही है, जो मुख्य पथ की सुरक्षा के दृष्टिकोण से उचित नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि फ्लैंक के कटाव वाले एरिया में 'पाले पईन' के बैंड में

N.P3H.P. डालकर ऊपर से मिट्टी भराई कर दी जाय तो पईन के पानी का बहाव भी अबाध गति से होता रहेगा और मुख्य पथ के फ्लैंक की सुरक्षा भी हमेशा के लिए हो सकेगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित स्थल पर मुख्य पथ की सुरक्षा हेतु फ्लैंक के मिट्टी की भरपाई यथाशीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## अनियमित भुगतान की जांच

*179 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पंचायत चुनाव में राज्य के पूर्णिया, सहरसा, कोशी एवं सीमांचल के 13 जिलों में मतदान कर्मी 7 करोड़ से अधिक का खाना खा गए;

(ख) क्या यह सही है कि सहरसा जिला में 2 करोड़, पूर्णिया में 1.20 लाख खाना पर खर्च किए गए हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सहरसा, पूर्णिया, कोशी, सीमांचल सहित 13 जिला में पंचायत चुनाव में भोजन, नाश्ता, टेंट, शामियाना, प्रिंटर, कॉटेज के विपत्र जमा किए गए हैं जिनपर GST नम्बर भी अंकित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 13 करोड़ की अनियमित भुगतान की जांच मंत्रीमंडल निगरानी विभाग से कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## घटिया निर्माण

*180 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया से औरंगाबाद जिला के दाउदनगर तक एन.एच.ए.आई. द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क निर्माण में गया के पंचानपुर से अहियापुर तक की सड़क उद्घाटन के पहले ही कई जगह से टूट गई है और उसे संवेदक द्वारा जैसे-तैसे मरम्मत कर दिया जा रहा है जिससे सड़क मानक के अनुरूप नहीं बन पा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का घटिया निर्माण कराने वाले संवेदक एवं निर्माण कंपनी पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल की मरम्मती

*181 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
कृया मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कृया यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी विधान सभा में रामजानकी मंदिर (पथ) से न्यू एतवारपुर बादशाही नाला पर बना पुल जर्जर है जिसके कारण वहां के स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नाला पर बने पुल की शीघ्र मरम्मती कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----